कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

–:: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनोपरान्त श्रीमती उर्मिला राव का पदस्थापन व्याख्याता राजनीति विज्ञान के पद पर आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–6/नियुक्ति राजनीति विज्ञान/पीएससी–15/2017दिनांक 09.06.17 के द्वारा राउमावि रामपुरा बैरी तहसील , राजगढ –चूरू में किया गया, जहां इन्होनें कार्यग्रहण कर लिया है । श्रीमती उर्मिला राव ने अपने पदस्थापन आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय जयपुर में याचिका संख्या 11273/2018 दायर की। याची ने कहा की है कि वह एक विधवा महिला है और घर की समस्त जिम्मेदारी उस पर है उसकी काउंसलिंग के समय झुन्झुनू जिले में पद रिक्त नहीं था अतः उसने चूरू जिले का विकल्प दिया परन्तु वर्तमान में उसके गृह जिला झुन्झुनू में नवक्रमोन्त विद्यालयों में रिक्त पद उपलब्ध है अतः मेरा पदस्थापन राउमावि आबूसर, प्रतापपुरा, ओजटू अथवा राउमावि सीथल झुन्झुनू में किया जाय । माननीय उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में याची को अभ्यावेदन प्रस्तुत करने तथा अप्रार्थीगण द्वारा अभ्यावेदन निस्तारित करने का आदेश दिया है । माननीय न्यायालय के आदेश की पालना में याची ने अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया ।

याची के अभ्यावेदन का गहनता से अध्ययन व मनन किया गया, और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर पाया गया कि याची का पदस्थापन काउन्सलिंग के माध्यम से किया गया जिसमें याची को विधवा श्रेंणी का लाभ देते हुवे काउन्सलिंग के लिये वरीयता क्रम निर्धारित किया गया तथा उसी क्रम में याची को अपना पदस्थापन स्थान के चयन का अवसर दिया गया और याची ने उक्त विद्यालय का चयन करते हुवे अपना सहमति पत्र दिया । तत्समय जो रिक्त पद झुन्झुनूं जिले के काउंसलिंग के लिये निर्धारित किये गये थे, उन्हीं विद्यालयों में से याची को चयन का अवसर दिया गया, अतः याची की यह मांग तर्कसंगत नहीं है कि वर्तमान में रिक्त पदों में से याची को पदस्थापन का अवसर दिया जाय । याची की काउन्सलिंग/पदस्थापन की मांग नियमानुसार नहीं है । अतः याची का अभ्यावेदन खारिज करते हुए निस्तारित किया जाता है । सभी संबंधित पक्षकार सूचित हों ।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–6/**याचिका सं0 11273**/उर्मिलाराव/18 दिनांक 10/08/18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
1. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर
2. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा
3. संबंधित कार्मिक उर्मिला राव व्या0 राजनीति विज्ञान, राउमावि रामपुरा बेरी–राजगढ,चूरू
4. गार्ड पंजिका

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर